<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 05.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- राज्य सरकार ने धरती आबा बिरसा मुंडा की धरोहर बचाने और पर्यटन विकास को नई दिशा देने के लिए राजकीय बिरसा महोत्सव को राजकीय पर्यटन महोत्सव किया घोषित।
- बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया में लुगु पहाड़ पर आज संथाली महाधर्म सम्मेलन का हो रहा आयोजन, दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं का हुआ जुटान।
- घाटशिला उपचुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने प्रत्याशियों को लाइसेंसी हथियार जमा कर निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय को सूचित करने का दिया निर्देश।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 54 भारतीय विश्वविद्यालयों को मिली जगह, आईआईटी दिल्ली भारत में शीर्ष और वैश्विक स्तर पर 123वें स्थान पर।
- झारखंड समेत देशभर में धूम–धाम से मनायी जा रही गुरूनानक देव जी की जयंती, रांची के गुरूनानक स्कूल समेत विभिन्न जिलों में कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन।

****

राज्य सरकार ने धरती आबा बिरसा मुंडा की धरोहर को संजोए रखने और राज्य में पर्यटन विकास को नई दिशा देने के लिए राजकीय बिरसा महोत्सव को राजकीय पर्यटन महोत्सव घोषित किया है। यह निर्णय राज्य स्तरीय पर्यटन समन्वय समिति की अनुशंसा के आधार पर लिया गया है। इसके तहत उलिहातू, डोंबारी बुरू, और रांची जेल को विकसित करने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

****

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया में लुगु पहाड़ पर संथाली महाधर्म सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। राजकीय महोत्सव के आज तीसरे और अंतिम दिन देश–विदेश से दो लाख से अधिक श्रद्धालु जुटे हैं। हमारे बोकारो संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन महाधर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

****

राज्य सरकार ने 18 नवंबर से आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पंचायत स्तर पर करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम 15 दिसंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य आमजनों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने महिला सुपरवाइजरों की नियुक्ति पर रोक बरकरार रखा है। इस मामले में मंगलवार को सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नियुक्ति में किसी वर्ग को शत–प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता है, इसमें सिर्फ महिलाओं से आवेदन मांगा गया है। वहीं जेएसएससी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि यह नियुक्ति सिर्फ महिला कैडर के लिए ही है। अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर निर्वाची पदाधिकारी सह घाटशिला एसडीओ सुनील चंद्रा ने सभी प्रत्याशियों को अपने लाइसेंसी हथियार संबंधित थाने में जमा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने नोटिस जारी कर कहा कि प्रत्याशी इसकी सूचना निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय को दें।

****

घाटशिला उपचुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आते ही भाजपा ने चुनावी अभियान तेज कर दिया है। कल शाम झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में भव्य रोड शो करेंगे। और जनता से समर्थन की अपील करेंगे।

****

जमशेदपुर प्रमंडल के वाणिज्यकर विभाग ने जीएसटी के अंतर्गत फर्जी कंपनियों और छह महीने से रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले फर्मों का निबंधन रद्द करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। वर्ष 2017 से अब तक एक

हजार से अधिक कंपनियों का जीएसटी निबंधन रद्द किया जा चुका है। विभाग के अनुसार, इससे भी अधिक कंपनियां हैं जो जीएसटी जमा नहीं कर रही हैं।

****

जामताड़ा जिले के छात्र–छात्राओं और आम नागरिकों को सुरक्षित इंटरनेट सेवा के उपयोग और साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

दुनिया की शीर्ष सहकारी संस्थाओं में गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ– अमूल ने पहला और भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड –इफको ने दूसरा स्थान हासिल किया है। पेश है एक रिपोर्ट–

****

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में 54 भारतीय विश्वविद्यालयों को जगह मिली है। आईआईटी दिल्ली देश के संस्थानों में शीर्ष पर है और वैश्विक स्तर पर 123वें स्थान पर है। इसके साथ ही भारत दुनियाभर में चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बन गया है। आईआईटी बॉम्बे 129वें, आईआईटी मद्रास 180वां और आईआईटी खड़गपुर 215वें स्थान पर है। अन्य शीर्ष संस्थानों में भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर 219वें और आईआईटी कानपुर 222वें स्थान पर है। वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय भी शीर्ष 350 में शामिल है।

****

झारखंड समेत देशभर में आज गुरूनानक देव जी की जयंती प्रकाश पर्व के रूप में धूम–धाम से मनायी जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न गुरूद्वारों में विशेष दीवान सजाया गया है। शबद कीर्तन और गुरबाणी से माहौल भक्तिमय हो गया है। राजधानी रांची के गुरूनानक स्कूल में मुख्य समारोह का आयोजन हो रहा है। वहीं बोकारो, धानबाद, गिरिडीह समेत विभिन्न जिलों के गुरूद्वारों में जयंती समारोह के अवसर पर विशेष लंगर का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरू नानक जी का संदेश सत्य, न्याय और सहानुभूति पर आधारित जीवन जीने की शिक्षा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि श्री गुरु नानक देव जी का जीवन और संदेश शाश्वत ज्ञान के साथ मानवता का मार्गदर्शन करते रहते हैं। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सिख समुदाय समेत पूरे देशवासियों को शुभकामनाएं दी है।

****

आज कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली है। इस अवसर पर श्रद्धालू पवित्र गंगा में स्नान करते हैं। जमशेदपुर में स्वर्णरेखा और खरकई नदी के संगम स्थल में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। वहीं रामगढ़ के छिन्नमस्तिका मंदिर स्थित दामोदर नदी और जामताड़ा के बराकर नदी समेत राज्य की विभिन्न नदियों में लोग पवित्र स्नान कर रहे हैं।

*******समाप्त*************